# अपने साइबर जगत की सुरक्षा स्वयं व्यक्ति की जिम्मेदारी: अमर ठाकरे

महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय में 'साइबर सुरक्षा' विषय पर चल रही पांच दिवसीय कार्यशाला के तीसरे दिन विषय विशेषज्ञ श्री अमर ठाकरे (नासिक) ने साइबर सुरक्षा से संबंधित विविध उपायों और सावधानियों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि अपने साइबर स्पेस की सुरक्षा सर्वप्रथम उपयोगकर्ता व्यक्ति की अपनी जिम्मेदारी है। अपना पासवर्ड मजबूत होना चाहिए। उसमें




अक्षरों, संख्याओं अन्य चिह्नों और स्पेस का उपयोग होना चाहिए तथा उसे 4-6 सप्ताह बाद बदलते रहना चाहिए। अपने डाटा की सुरक्षा और डाटा के उचित ट्रांसफर के लिए हमेशा पाइरेटेड के बजाए खरीदे गए सॉफ्टवेयर का उपयोग करना चाहिए। मोबाइल फोन पर किसी ऐप का उपयोग करने के समय ही परमिशन देना चाहिए। बैंकिंग व्यवहार करते समय एड्रेस बार पर बैंक की वेबसाइट का एड्रेस स्वयं टाइप करके उसे खोलें, न कि गूगल जैसे किसी सर्च इंजन पर उसे खोलना चाहिए। अनजानी वेबसाइट या ईमेल खोलने से यथासंभव बचें।

आजकल बहुत से कंप्यूटर नेटवर्क से जुड़े होते हैं। आपके कंप्यूटर में रखी फाइल को नेटवर्क के किसी अन्य कंप्यूटर से खोला या पढ़ा जा सकता है। इससे बचने के लिए शेयरिंग को ऑफ या बंद रखें तथा आवश्यक होने पर पासवर्ड आधारित शेयरिंग करें।